**स्पाइसेस बोर्ड**
**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**
**सुगंध भवन एन.एच. बाई पास, पी.बी. नं.2277,**
**पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्चिन – 682025**
**टेलीफोन: 0484-2333610 से 616 तक, 2347965**
**फैक्स : 0484 – 2341935**

**सं. प्रशासन/नियुक्ति.परामर्शदाता/01/2022-23-अङिसूचना सं.-14**

**स्पाइसेस बोर्ड में**
**परामर्शदाता सहायक के रूप में सेवानिवृत्त व्यक्तियों की नियुक्ति**

स्पाइसेस बोर्ड एक वर्ष की अवधि के लिए परामर्शदाता सहायक के रूप में नियुक्त करने के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारियों, जो केंद्र/राज्य सरकार विभाग/पी एस यू/स्वायत्त निकाय/ पण्य बोर्ड में अनुभाग अधिकारी (स्तर-7)/समतुल्य और उससे ऊपर के स्तर पर सेवा की है, से आवेदन आमंत्रित करता है । परामर्शदाता सहायकों को स्पाइसेस बोर्ड मुख्यालय, कोच्ची में परिनियोजित किया जाएगा। परामर्शदाता सहायक का विस्तृत निबंधन और शर्तें अनुबंध । के रूप में संलग्न है। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षित परामर्शदाता सहायक की संख्या | 3 (सामान्य प्रशासन, कानूनी मामले और लेखा में एक-एक) |
| 2 | पात्रता | 1. उन्हें केंद्र/राज्य सरकार संस्थाओं यानी विभागों/पी एस यू/स्वायत्त निकाय/पण्य बोर्ड से अनुभाग अधिकारी [पे मेट्रिक्स के स्तर 7 या समतुल्य] या उससे ऊपर के स्तर से सेवानिवृत्त कर्मचारी होना चाहिए। जिसे प्रशासन/लेखा/कानूनी मामलाों में विचारणीय अनुभव हो (प्रत्येक श्रेणी में उपेक्षित अनुभव का विवरण अनुबंध-II के रूप में संलग्न है)<br>2. विषयों की गहन जांच के लिए उसके पास प्रभावी अभिव्यक्ति कुशलता और पारस्परिक कौशल होना चाहिए ।<br>3. उसे एमएस ऑफिस / ओपन ऑफिस, ईमेल और इंटरनेट के साथ कंप्यूटर का उपयोग करने में अनुभव होना चाहिए। |
| 3 | शैक्षिक योग्यताएँ | एक मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि |
| 4 | आयु सीमा | जैसा कि 18.07.2022 को है 64 वर्ष से कम न हो |
| 5 | नियुक्ति का स्थान | स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | पारिश्रमिक | 30000/- रू. प्रति माह |

**चयन प्रक्रिया:** शोर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को बोर्ड द्वारा साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को शामिल करते हुए एक पैनल तैयार किया जाएगा और बोर्ड की अपेक्षा के अनुसार परामर्शदाता सहायक के रूप में काम पर लगाया जाएगा। पैनल की वैधता दो वर्ष केलिए होगी और परामर्शदाता सहायक को, अतिरिक्त अपेक्षित हो तो, इस अनुमोदित पैनल से काम में लगाया जाएगा ।

इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनके पास उपर्युक्त योग्यता व अनुभव हैं और जो स्वस्थ और तुरंत कार्यभार ग्रहण करने केलिए तैयार हैं, वे, अपना आवेदन, योग्यता व अनुभव के समर्थन के संगत दस्तावेज़ों सहित, नीचे दिए फॉर्मेट में (अनुबंध III के रूप में संलग्न) अपना आवेदन **18.07.2022** को या उससे पहले hrdatp.sb-ker@gov.in में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड-कॉपी "सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची" के पते पर 25-07-2022 को या उससे पहले प्रस्तुत की जाए।

जिनके पास उपरोक्त योग्यता एवं अनुभव, अच्छा स्वस्थ्य है और जो तुरंत शामिल होने के लिए इच्छुक हैं, वे दिए गए फार्मेट में (फार्मेट)योग्यता एवं अनुभव के समर्थन में सुसंगत दस्तावेज़ों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपी सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची को **25.07.2022** को या उससे पहले प्रस्तुत कर सकते हैं।

निदेशक(प्रशासन)

तारीख: 30.06.2022
स्थान: कोच्ची

**<u>आवेदकों के लिए अनुदेश</u>:**

- आवेदन करने से पहले आवेदकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त पद के लिए पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।
- उम्मीदवार अपना आवेदन निम्नलिखित क्रम में एक एकल पीडीएफ के रूप में भेज सकते हैं (क)संलग्नक-Iii (ख)शैक्षिक योग्यताएँ(कालक्रमानुसार) (ग)पहचान प्रमाण (घ) अनुभव प्रमाणपत्र, (ङ) संगत दस्तावेज़ यदि कोई है तो।
- आवेदन, जो निर्धारित फॉर्मेट में, अर्थात् अधिसूचना के संलग्नक- III, के अनुसार सहायक दस्तावेज़ों के साथ प्राप्त नहीं होता है, उनपर विचार नहीं किया जाएगा।
- शोर्टलिस्ट किए आवेदकों की सूची बोर्ड की वेबसाइट में प्रकाशित की जाएगी। साक्षात्कार का स्थान और तारीख यथासमय सूचित की जाएगी।
- प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग शोर्ट लिस्ट/रैंक सूची/पैनल तैयार किया जाएगा अर्थात् प्रशासन, लेखा एवं कानूनी और चयन, तदनुसार किया जाएगा। इसलिए आवेदक परामर्शदाता की श्रेणी का चयन ध्यानपूर्वक करेगा। एक बार चयन करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि स्पाइसेस बोर्ड से संचार प्राप्त करने के लिए वे उपना ई-मेल आई डी एवं मेबाइल नंबर सक्रिय रखें।
- यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी। यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
- किसी भी तरह का अनुयाचन अयोग्यता होगी।
- आयु, योग्यता आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता 18.07.2022 के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
- उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की औद्योगिक वेबसाइट www.indianspices.com में सूचना/अवसर पेज जांच करने और किसी तीसरी पार्टी की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।

चयन प्रक्रिया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, य़भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोविड-19 नयाचार के अनुसार आयोजित की जाएगी।

**अनुबंध-I**

**स्पाइसेस बोर्ड में परामर्शदाता सहायक की नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें**

1. देय पारिश्रमिक प्रति माह 25,000/- रुपए (नियत) होंगे। परामर्शदाता सहायक द्वारा आहरित कुल मासिक पारिश्रमिक और पेंशन उनके द्वारा ली गई अंतिम वेतन, जिसकी गणना महंगाई भत्ते की वर्तमान दरों पर की गई हो, से अधिक नहीं होंगे। एक महीने में प्रदान की गई सेवाओं के लिए पारिश्रमिक उत्तरवर्ती महीने में देय होगा।

2. नियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष केलिए होगी और उनके निष्पादन के आधार पर अपेक्षा के अनुसार आगे एक और वर्ष केलिए बढ़ाई जा सकती है।

3. परामर्शदाता सहायक, महंगाई भत्ता, परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, निजी स्टाफ, सीजीएचएस तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि जैसे किसी भी प्रकार के भत्ते या आवास-सुविधा प्राप्त होने के हकदार नहीं होंगे।

4. साक्षात्कार, कार्य में शामिल होने या इसके पूरा होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता ग्राह्य नहीं होगा। फिरभी, यदि बोर्ड के कार्यालयीन काम के सिलसिले में, उन्हें देश के अंदर यात्रा करना अपेक्षित है तो, जिस ग्रेड से वे सेवानिवृत्त हुए थे, उसी ग्रेड के नियमित पदधारी केलिए ग्राह्य यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते का, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भुगतान किया जाएगा।

5. कार्य समय: परामर्शदाता सहायक निर्धारितानुसार कार्यालय के साधारण कार्य समय का अनुसरण करेगा (अर्थात् सुबह 9.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक)। वैसे, अनिवार्य मामलों में, उनको समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार और कार्यालय समय के बाद भी काम करना पड़ सकता है।

6. पेंशन का आहरण: परामर्शदाता सहायक के रूप में नियुक्त एक सेवानिवृत्त अधिकारी परामर्शदाता सहायक के रूप में के रूप में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान पेंशन और पेंशन पर महंगाई राहत आहरित करना जारी रखेगा। परामर्शदाता सहायक के रूप में उनकी नियुक्ति को पुनर्नियोजन मामले के रूप में नहीं माना जाएगा।

7. अवकाश: यथानुपात आधार पर परामर्शदाता सहायक एक कलेंडर वर्ष बारह (12) दिनों के अवकाश केलिए पात्र होंगे। परामर्शदाता सहायकों को अनुमेय अवकाश की अधिकता में अनुपस्थिति की अवधि केलिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, अनुपयुक्त अवकाश को न अगले वर्ष केलिए अग्रेनीत किया जाएगा, न ही उसका नकदीकरण किया जाएगा।

8. स्रोत पर कर कटौती (टी डी एस): ग्राह्य के अनुसार, टीडीएस को परामर्शदाता सहायक के मासिक पारिश्रमिक से काट दिया जाएगा। मांग करने पर, बोर्ड द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

9. नियुक्ति की अवधि के दौरान परामर्शदाता सहायक को बोर्ड द्वारा समय-समय पर सौंपे गए बोर्ड से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों में भाग लेना आवश्यक होगा।

10. स्पाइसेस बोर्ड के साथ उनके कार्य की अवधि के दौरान और उसके बाद भी, यह संभावना है कि वे महत्वपूर्ण / गोपनीय प्रकृति की कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे अपने कार्य की अवधि के दौरान उनके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति से प्रकट नहीं करेंगे, जो उसे जानने/प्राप्त करने के लिए अधिकृत नहीं है।

11. स्पाइसेस बोर्ड, जरूरत पड़ने पर, कोई नोटिस जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / बढ़ाने / रद्द करने का अधिकार रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

12. नियुक्ति का समापन:

स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित स्थितियों में परामर्शदाता सहायकों की नियुक्ति समाप्त करेगा:

(क) परामर्शदाता सहायक निर्दिष्ट कार्य करने में असमर्थ है;

(ख) कार्य की गुणवत्ता बोर्ड की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है;

(ग) बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार लक्ष्यों की समय पर उपलब्ध कराने में परामर्शदाता सहायक विफल रहता है

(घ) परामर्शदाता सहायकों में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अभाव पाया जाता है।

नोट: बोर्ड को पास परामर्शदाता सहायक को पंद्रह (15) दिनों की लिखित सूचना प्रदान करते हुए नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार रखता है। यह समाप्ति, ऐसी सूचना की सुपुर्दगी के पंद्रह (15) दिनों के पूरा होने के बाद ठीक अगले दिन से प्रभावी होगी।

अनुबंध II

अपेक्षित अनुभव के विवरण

| **क्रमांक** | **परामर्शदाता की श्रेणी** | **अपेक्षित संख्या** | **अपेक्षित अनुभव का क्षेत्र** | **कार्य क्षेत्र** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता सहायक-सामान्य प्रशासन | 01 | प्रशासन में अनुभव | सेवा मामले एवं भर्ती, सामान्य प्रशासन, स्थापना, ई-प्रापण/ जी ई एम खरीद, चिकित्सा प्रतिपूर्ति/ देशीय पेंशन प्रणाली (एन पी एस) लेखा का रख-रखाव करना |
| 2 | परामर्शदाता सहायक-लेखा | 01 | लेखा में अनुभव | विभिन्न शीर्षों के तहत खाता शेष का समाधान करना।खातों का संकलन करना और वित्तीय विवरण तैयार करना |
| 3 | परामर्शदाता सहायक-कानूनी मामला | 01 | कानूनी मामलों में अनुभव | कानूनी मामलों को संभालना, कानूनी मुद्दों की पहचान करना, कानूनी दस्तावेजों का मसौदा तैयार करना आदि |

**अनुबंध-III**

आवेदन पत्र -स्पाइसेस बोर्ड में संविदा आधार पर लिपिकीय सहायक की नियुक्ति (वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वाणिज्य विभाग)

हाल के पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन किया गया पद का नाम<br>(आवेदन किया गया पद ✓ करें) | परामर्शदाता सहायक<br><br>1. प्रशासन □<br>2. लेखा □<br>3. कानूनी मामले □ | |
| 2 | पूरा नाम (ब्लॉक लेटरों में) | | |
| 3 | पिता/पति का नाम | | |
| 4 | जन्म तिथि | | |
| 5 | संपर्क विवरण | मोबाईल नं/<br>टेलीफोन नं | |
| | | ई-मेल आई डी | |
| 6 | संपर्क के लिए पता | | |
| | | पिन कोड | |
| 7 | आयु जैसेकि 18.07.2022 को है | | |
| 8 | सरकारी सेवा में शामिल होने की तिथि | | |
| 9 | सेवानिवृत्ति की तारीख | | |
| 10 | सेवानिवृत्त हुए पद और कार्यालय के नाम | | |
| 11 | अंतिम आहरित वेतन | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | पी पी ओ नं (कुपया पी पी ओ की प्रति संलग्न करें) | |
| 13 | मासिक पेंशन | |
| 14 | शैक्षिक योग्यता (प्रमाणपत्रों की स्व अनुप्रमाणित प्रति अनुलग्न करें) | |
| 15 | कंप्यूटर ज्ञान के विवरण | |
| 16 | एक अलग शीट में नीचे दिए गए फोर्मेट में अनुभव का संक्षिप्त विवरण (कृपया समर्थक दस्तावेज़ संलग्न करें) | |

| क्रमांक. | पद और कार्यालय जिसमें सेवा प्रदान की गई | विभाग/ अनुभाग | अवधि | | कार्य की प्रकृति | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

मैं इसके द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत की गई सभी जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सच और सही है। मैं समझता/समझती हूँ और सहमत हूँ कि साक्षात्कार/चयन के पहले या बाद में किसी भी समय उपरोक्त दी गई जानकारी झूठी या गलत/अपूर्ण पाई गई या अपात्रता पाई जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा और मैं स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय पर बाध्य रहूँगा/रहूँगी। मैंने उपरोक्त सभी निबंधन और शर्तों को पढ़ लिया है और मैं परामर्शदाता सहायक की नियुक्ति के लिए सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ।

**हस्ताक्षर :**

**(आवेदक का पूरा नाम) :**

स्थान:

तारीख: